# भूगोल (प्रश्न-पत्र–I)

| समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 250 |
| --- | --- |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू॰ सी॰ ए॰) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तर को उपयुक्त चित्रों/मानचित्रों तथा आरेखों द्वारा दर्शाइए। इन्हें प्रश्न का उत्तर देने के लिए दिए गए स्थान में ही बनाना है।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# GEOGRAPHY (PAPER–I)

| Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250 |
| --- | --- |

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Illustrate your answers with suitable sketches/maps and diagrams, wherever considered necessary. These shall be drawn in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

1. निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :
Answer the following in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* हैलोवीन तूफ़ान पर एक भौगोलिक टिप्पणी लिखिए।
Write a geographical note on Halloween Storm.

*(b)* भूजलवैज्ञानिक अनुसंधानों को विश्लेषित करने के लिए मानचित्रण क्यों महत्त्वपूर्ण है? प्रासंगिक उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए।
Why is mapping important for analysing geo-hydrological investigations? Explain with relevant examples.

*(c)* समुद्री संसाधन आर्थिक तौर पर बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। उपयुक्त उदाहरण उद्धृत करते हुए विवेचना कीजिए।
Marine resources are economically very significant. Discuss citing suitable examples.

*(d)* भारत में वन्य पौधों की वृद्धि को कौन-से कारक प्रभावित करते हैं? उनके आर्थिक महत्त्व की विवेचना कीजिए।
Which factors influence the growth of wild plants in India? Discuss their economic significance.

*(e)* भारत में दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों में जीवन्त पर्यावरण से सम्बन्धित समस्याओं की विवेचना कीजिए। इनका प्रबन्धन कैसे किया जा सकता है?
Discuss the problems associated with the living environment in million plus cities in India. How can these be managed?

2. *(a)* विभिन्न सिद्धान्तों और मॉडलों का उपयोग करते हुए महाद्वीपों और महासागरों के क्रमविकास पर एक निबन्ध लिखिए।
Write an essay on the evolution of continents and oceans using various theories and models. 20

*(b)* प्रवाल विरंजन की संकल्पना, इसकी पुनर्प्राप्ति तथा इस प्रक्रम के कारण दीर्घशैवाल प्रवृत्ति विस्थापन की विवेचना कीजिए।
Discuss the concept of coral bleaching, its recovery and macroalgal regime shifts due to this process. 15

*(c)* उत्तर अटलांटिक महासागर की धाराओं और पश्चिमी यूरोप की जलवायु में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका की व्याख्या कीजिए।
Explain the currents of the North Atlantic Ocean and their significant role in the climate of Western Europe. 15

3. *(a)* व्याख्या कीजिए कि विभिन्न कारक भारतीय मॉनसून प्रणाली की उत्पत्ति और विकास को कैसे प्रभावित करते हैं।
Explain how various factors influence the origin and development of the Indian monsoon system. 20

(b) वनोन्मूलन के प्रभावों और कारणों तथा भारत में कृषि के प्रतिरूपों पर इसके प्रभाव की व्याख्या कीजिए।

Explain the effects and causes of deforestation, and its impact on the pattern of agriculture in India. 15

(c) वाताग्रजनन और वाताग्रविनाश की अभिलाक्षणिक विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

Explain the characteristic features of Frontogenesis and Frontolysis. 15

**4.** (a) अपरदन पृष्ठों की समस्याओं की विवेचना कीजिए और उपयुक्त चित्रों सहित उनको पहचानने की विभिन्न विधियों की व्याख्या कीजिए।

Discuss the problems of erosional surfaces and explain the different methods to identify them with suitable diagrams. 20

(b) विश्व के अर्ध-शुष्क प्रदेशों में भू-उपयोग/भू-आच्छादन और मृदा प्रकार चारे की मात्रा और गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। प्रासंगिक उदाहरणों के साथ विवेचना कीजिए।

Land use/Land cover and soil types influence forage quantity and quality in semi-arid regions of the world. Discuss with relevant examples. 15

(c) भारत में संकटों और आपदाओं के प्रति मानव अनुक्रिया एवं प्रबन्धन की विवेचना कीजिए।

Discuss the human response to and management of hazards and disasters in India. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

**5.** निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following in about *150* words each : 10×5=50

(a) जनसंख्या वृद्धि के सन्दर्भ में भारत की खाद्य सुरक्षा का विश्लेषण कीजिए।

Analyse India's food security in the context of population growth.

(b) ऊर्जा संकट के कारणों और प्रभावों को पहचानिए तथा इस समस्या के समाधान हेतु उपयुक्त उपाय सुझाइए।

Identify the causes and effects of energy crisis, and suggest suitable measures to solve the problem.

(c) गतिशीलता और प्रवसन के बीच भेद कीजिए। भारत में गाँवों से नगरों की ओर होने वाले प्रवसन के कारण और परिणाम क्या हैं?

Distinguish between mobility and migration. What are the causes and consequences of rural to urban migration in India?

(d) "जहाँ आर्थिक वृद्धि लम्बी कालावधि तक बनी रहती है वहाँ इसका प्रभाव स्थानिक अर्थव्यवस्था के एक क्रमिक एकीकरण के लिए कार्य करता है।" सुस्पष्ट कीजिए।

"Where economic growth is sustained over long time periods, its incidence works towards a progressive integration of the space economy." Elucidate.

(e) वर्तमान काल के सन्दर्भ में वॉन थ्यूनेन के कृषि अवस्थिति सिद्धान्त की प्रासंगिकता पर एक टिप्पणी लिखिए।

Write a note on the relevance of von Thünen's agricultural location theory in the present context.

6. *(a)* जनसंख्या वृद्धि, संसाधन उपयोग और पर्यावरणीय प्रभाव के सन्दर्भ में माल्थसवाद और नव-माल्थसवाद के परिप्रेक्ष्यों की तुलना और उनमें भेद कीजिए।

Compare and contrast the Malthusian and Neo-Malthusian perspectives in the context of population growth, resource use and environmental impact. 20

*(b)* "भूमि अवनयन उत्पादकता और संपोषणीय संसाधन प्रबन्धन के लिए ख़तरा है।" भारत से उपयुक्त उदाहरण लेते हुए व्याख्या कीजिए।

"Land degradation is a threat to productivity and sustainable resource management." Explain with suitable examples from India. 15

*(c)* आधुनिक विश्व में अधिकतर सरहदें परिसीमाओं से प्रतिस्थापित कर दी गयी हैं। कारणों की व्याख्या कीजिए।

In the modern world, most of the frontiers have been replaced by boundaries. Explain the reasons. 15

7. *(a)* भारत के क़सबों और नगरों के सन्दर्भ में संपोषणीय विकास हेतु नियोजन के प्रसंग में नगरीय सुनम्यता की संकल्पना की विवेचना कीजिए।

Discuss the concept of urban resilience in the context of planning for sustainable development with reference to towns and cities of India. 20

*(b)* भारत के मेट्रोपॉलिटन नगरों में औद्योगिक अवस्थिति की गत्यात्मकता का विश्लेषण कीजिए।

Analyse the dynamics of industrial location in the metropolitan cities of India. 15

*(c)* संतुलित मानव विकास के सन्दर्भ में भारत में लिंग साम्या और समानता पर एक निबन्ध लिखिए।

Write an essay on gender equity and equality in India in the context of balanced human development. 15

8. *(a)* विवेचना कीजिए कि विश्व युद्धों के पश्चात् मैकिंडर ने अपनी धुराग्र क्षेत्र की संकल्पना को कैसे और क्यों संशोधित किया।

Discuss how and why Mackinder modified his concept of Pivot Area after the World Wars. 20

*(b)* जननता ह्रास और सामाजिक-आर्थिक विकास के सन्दर्भ में विश्व जनसंख्या संक्रमण का एक विवरण प्रस्तुत कीजिए।

Provide an account of world population transition in the context of fertility decline and socio-economic development. 15

*(c)* "मानव पारिस्थितिकी लोगों और उनके पर्यावरण, प्राकृतिक एवं सामाजिक दोनों, के पारस्परिक सम्बन्ध का अध्ययन है।" पारिस्थितिक संकल्पनाओं का उपयोग करते हुए सविस्तार विवेचना कीजिए।

"Human ecology is the study of mutual relationship of people and their environment both natural and social." Discuss in detail using ecological concepts. 15

★ ★ ★